**3 (Sem–6/CBCS) HIN RE 1/2/3**

**2023**

# HINDI

## ( Regular Elective )

Paper : HIN–RE–6016/6026/6036

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Paper : HIN–RE–6016

( छायावाद )

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित महाकाव्य का नाम लिखिए।

(ख) "ले चल वहाँ भुलावा देकर, मेरे नाविक! धीरे-धीरे।" प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त 'नाविक' शब्द किसका सूचक है?

(ग) सुमित्रानंदन पंत का जन्म कब हुआ था?

(घ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' द्वारा रचित किसी एक काव्य-कृति का नाम बताइए।

(ङ) किस पत्रिका में सबसे पहले सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचनाएँ प्रकाशित होने लगी थीं?

(च) "न भूलो क्षणभंगुर _____!" रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(छ) "खेल रंग प्यारे संग"—यह पंक्ति किस पठित कविता से उद्धृत की गई है?

(ज) 'द्रुत झरो' कविता में कवि ने किसके झरने की बात की है?

(झ) 'नीहार' काव्य-ग्रंथ का प्रकाशन कब हुआ था?

(ञ) 'आँसू' किसकी काव्य-रचना है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) कौन-से कवि 'छायावाद के चार स्तंभ' की आख्या से अभिहित हैं?

(ख) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की लोकप्रियता के दो कारण बताइए।

(ग) 'हे लाज भरे सौन्दर्य बता दो' शीर्षक गीत की रचना किसने की थी? उन्होंने प्रस्तुत गीत को अपने किस नाटक में सन्निविष्ट किया था?

(घ) "निज अमर प्रणय स्वर मदिरा से
भर दे फिर नव युग की प्याली!"

—प्रस्तुत पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) कवयित्री महादेवी वर्मा ने जीवन को कैसा बनाने का सुझाव दिया है?





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' शीर्षक कविता की विषय-वस्तु को रेखांकित कीजिए।

(ख) महाकवि जयशंकर प्रसाद की काव्य-भाषा पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविताओं की किन्हीं दो कलापक्षीय विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(घ) 'संध्या सुंदरी' कविता में कवि ने संध्या का रूप-वर्णन किस प्रकार किया है?

(ङ) 'भारतमाता' कविता में चित्रित भारतमाता के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(च) पठित कविता के आधार पर वासंती रात्रि के मनोवैज्ञानिक सौन्दर्य-चित्रण को सरल शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दिये हैं मैंने जगत को फूल-फल,
किया है अपनी प्रभा से चकित-चल,
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल—
ठाट जीवन का वही,
जो ढह गया है।

अथवा

जिस निर्जन में सागर लहरी
अम्बर के कानों में गहरी—
निच्छल प्रेम-कथा कहती हो,
तज कोलाहल की अवनी रे।

(ख) 'मौन निमंत्रण' **अथवा** 'मंदिर का दीप' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

(ग) सुमित्रानंदन पंत के काव्यों की भावपक्षीय विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

अथवा

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविताओं में प्रतिफलित प्रमुख छायावादी प्रवृत्तियों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा को जयशंकर प्रसाद की देन का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

कवयित्री महादेवी वर्मा के प्रमुख काव्य-स्वरों को रेखांकित कीजिए।





## Paper : HIN–RE–6026

## ( प्रेमचंद )

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रेमचंद का जन्म किस ईस्वी में हुआ था?

(ख) प्रेमचंद के पिता कहाँ काम करते थे?

(ग) प्रेमचंद ने 'सेवासदन' उपन्यास का उर्दू शीर्षक क्या रखा था?

(घ) प्रेमचंद ने किस ईस्वी से कहानियाँ लिखना शुरू किया था?

(ङ) सुमन के पिता का नाम क्या था?

(च) जानवरों में सबसे बुद्धिहीन किसे समझा जाता है?

(छ) जुम्मन की पत्नी का नाम क्या है?

(ज) प्रेमचंद के प्रथम उपन्यास का नाम क्या है?

(झ) साहित्य का सबसे प्रमुख तत्त्व किसे माना जाता है?

(ञ) हामिद के पिता का नाम क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध कब और किस शीर्षक से उर्दू में प्रकाशित हुआ था?

(ख) प्रेमचंद द्वारा सम्पादित किन्हीं दो पत्र/पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(ग) 'सेवासदन' उपन्यास से भिन्न प्रेमचंद विरचित किन्हीं दो उपन्यासों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) दारोगा कृष्ण चंद्र के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(ङ) अलगू को पिता ने गुरु के बारे में बताया था?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'साहित्य का उद्देश्य' नामक निबंध की किन्हीं पाँच शैलीगत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सेवासदन' उपन्यास के आधार पर गजाधर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) सुमन और शांता के चरित्र के किन्हीं पाँच अंतरों को रेखांकित कीजिए।

(घ) 'पूस की रात' कहानी में हल्कू क्यों प्रसन्न हुआ, स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सरपंच के रूप में अलगू ने कौन-सा फैसला सुनाया था?

(च) 'ईदगाह' कहानी के नामकरण के महत्त्व पर एक टिप्पणी लिखिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"एक ही घटना या स्थिति से सभी मनुष्य समान रूप से प्रभावित नहीं होते। आदमी की मनोवृत्ति और दृष्टिकोण अलग हैं। रचना कौशल इसी में है कि लेखक जिस मनोवृत्ति या दृष्टिकोण से किसी बात को देखे, पाठक भी उसमें उससे सहमत हो जाए। यही उसकी सफलता है।"





**अथवा**

"लेकिन परिणाम का भय किसी तरह पीछा न छोड़ता था। उन्होंने कभी रिश्वत नहीं ली थी। हिम्मत न खुली थी। जिसने कभी किसी पर हाथ न उठाया हो, वह सहसा तलवार का वार नहीं कर सकता। यदि कहीं बात खुल गई तो जेलखाने के सिवा और कहीं ठिकाना नहीं, सारी नेकनामी धूल में मिल जाएगी। आत्मा तर्क से परास्त हो सकती है, पर परिनाम का भय, तर्क से दूर नहीं होता। वह पर्दा चाहता है।"

(ख) प्रेमचंद के निबंध-साहित्य पर आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

'साहित्य का उद्देश्य' शीर्षक निबंध का सार अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) "'सेवासदन' उपन्यास में भारतीय स्त्री के जीवन-सत्य तथा संघर्ष को दर्शाया गया है।" कथानक के आधार पर प्रस्तुत कथन की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

कहानी-कला की दृष्टि से 'पंच परमेश्वर' की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'शतरंज के खिलाड़ी' शीर्षक कहानी के उद्देश्य पर आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

'दो बैलों की कथा' शीर्षक कहानी के मूल प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

Paper : HIN-RE-6036

( विश्व में हिन्दी एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य )

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन किस ईस्वी सन् में आयोजित हुआ था?

(ख) महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय भारत के किस शहर में स्थित है?

(ग) कौन-सा संस्थान 'विश्व हिन्दी पत्रिका' निकालता है?

(घ) प्रमुख प्रवासी हिन्दी साहित्यकार अभिमन्यु अनत का देहावसान किस ईस्वी को हुआ था?

(ङ) किसन के पिता का नाम क्या है?

(च) "...ओ रे रे मूसे लँगड़वा के राज में।" पंक्ति से शुरू होने वाले गीत की रचना किसने की थी?

(छ) लँगड़वा साहब का असली नाम क्या था?

(ज) बीफी डेविड इंग्लैण्ड की किस फुटबॉल टीम का सेंटर फॉरवर्ड खिलाड़ी है?

(झ) 'साँकल' शब्द का अर्थ क्या है?

(ञ) चित्रा के पति कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन किस देश के कौन-से शहर में आयोजित हुआ था?





(ख) कैदी बंदीगृह के सिपाहियों में से लंबी मूछों वाले सिपाही को और दुबले-पतले-रहमदिल सिपाही को क्रमशः किस-किस नाम से पुकारा करते थे?

(ग) "सत्या ने किसन के लिए धोती और सर का रुमाल भेजा था।" किसने किससे ऐसा कहा था?

(घ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

"वह नाव _____ से निकली थी। दोनों भिक्षु नाविक _____ के थे।"

(ङ) "तो तुम दोनों कोई बच्चा गोद क्यों नहीं ले लेते?" यह कथन किसका और किसके प्रति है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'विदेशों में हिन्दी की लोकप्रियता' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) विश्व फलक पर हिन्दी की वर्तमान स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

(ग) "भीतर और बाहर की पीड़ा को कम करने के लिए इससे अच्छा उपाय उनके लिए दूसरा था ही नहीं। वह उल्लास उनके अपने ढंग का रो-तड़पकर अपनी कुंठा को मिटाना था। उसे भूल जाना था।" संदर्भ स्पष्ट करते हुए इस अवतरण का आशय बताइए।

(घ) जतन की अचानक मौत की परिस्थितियों का खुलासा कीजिए।

(ङ) जया की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) "नहीं बेटे हमारा यह कल्चर नहीं है। यहाँ तुम्हारी बहन के सात-आठ वर्ष के बच्चे आते हैं, वो क्या समझ पाएँगे इस रिश्ते को, उनको क्या बताया जाएगा।" किसने, किससे और कब ऐसा कहा था? कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"बहुत दिन बाद में मारीच की कठिनाइयों को झेलती हुई, जूझती हुई फूलों ने कई बार अपने से कहा था कि इधर के इस जीवन से बेहतर तो यह होता कि वहाँ की उस स्थिति को वहीं झेला जाता। उससे वहीं जूझा जाता। किसी भी हालत में वहाँ की स्थितियाँ यहाँ से बदतर नहीं थीं। पर चुग गए खेतों के लिए पछताने से क्या होता है?"

**अथवा**

"घटनाएँ इस तरह घट जाती थीं गोया आँगन में बैठे हुए कुत्ते पर अकारण ही कोई कंकड़ चला दे। कुत्ते के काँय-काँय करके दुम को टाँगों के बीच छिपा लेना जैसे रोज़ की साधारण बातें थीं, उसी तरह मजदूरों का कराहना था।"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) 'हिन्दी का वैश्वीकरण' विषय पर एक निबंध लिखिए।

**अथवा**

विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन की आवश्यकता पर सविस्तार प्रकाश डालिए।





(ख) कुंदन की चारित्रिक विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

"अभिमन्यु अनत का यह उत्कृष्ट उपन्यास एक मधुर गान है, अतीत की गहराई लिये हुए—जो कि मॉरीशस के यथार्थ की एक नई चेतना प्रदान करता है।" 'लाल पसीना' उपन्यास के आधार पर प्रस्तुत कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ग) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'कोख का किराया' कहानी की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'यों ही चलते हुए' शीर्षक कहानी में अभिव्यक्त जीवन-बोध पर प्रकाश डालिए।

★★★